हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 72 | पटना, शनिवार , 27 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# इंडी गठबंधन को न तो संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र का: प्रधानमंत्री

**मुगेर,(नवशक्ति टीम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के अररिया और मुंगेर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राजद की तुष्टीकरण की राजनीति का सत्य उपस्थित जनसैलाब के समक्ष रखा और ईवीएम तथा वीवीपैट के मामले में कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर किया। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि दुनिया भी मानती है कि ये समय भारत का है। दुनिया को भी लगता है कि जितनी भारत में जितनी मजबूत सरकार बनेगी, उतनी ही मजबूती दुनिया को भी मिलेगी। विगत 10 साल में भारत की जो साख बढ़ी है, ये जनता के प्रत्येक वोट के कारण ही हुआ है। एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में देशहित के लिए और बड़े निर्णय किए जाएंगे। आज बिहार समेत पूरे देश के कोने-कोने में फिर एक बार मोदी सरकार के नारे गूंज रहे हैं। लोकतंत्र के महापर्व में देशहित के लिए जनता को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के कर्तव्य को पूरा करना है। 2024 का चुनाव देश को आर्थिक और सामजिक रूप से देश को मजबूत बनाने का चुनाव है, जिसमें बिहार की जनता की बहुत बड़ी भूमिका है। गुलामी के लंबे कालखंड से पहले, जब बिहार समृद्ध था तब भारत एक महाशक्ति था। बिहार के लोगों की प्रतिभा, बौद्धिकता और परिश्रम की पराकाष्ठा जैसा जज्बा और कहीं नहीं मिलता है। बिहार की शक्ति को बढ़ाने के लिए दिल्ली में देश का सेवक मोदी और बिहार में नीतीश कुमार पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं। मोदी सरकार देश में वंदे भारत, अमृत भारत और बुलेट ट्रेन जैसी नई ट्रेनें चला रही है। आज भारत पटरी से लेकर ट्रेन के डिब्बे और इंजन तक भारत में ही बना रहे हैं। इतना ही नहीं इसे दुनिया के अन्य देशों को भी निर्यात किया जा रहा है। आने वाले समय में इससे बिहार के रेल कारखानों को भी बहुत लाभ मिलने वाला है।



श्री मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में हमने अपनी विरासत और अपना धरोहर को फिर से विश्व पटल पर स्थापित किया है। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए लोग अब चाहकर के भी इस नए भारत को बदल नहीं सकते। दिल्ली में जी-20 सम्मेलन के दौरान हमने अपने बिहार की महान विरासत नालंदा विश्वविद्यालय के गौरवमयी इतिहास को दुनिया के सामने रखा। आज दुनिया के जितने भी बड़े नेता हैं उनके घर नें नालंदा विश्वविद्यालय के साथ फोटो है। एनडीए भारत को 21वीं के वैश्विक ज्ञान का केंद्र बनाने के लिए समर्पित है। मुंगेर में विश्व का सबसे बड़ा योग का विद्यालय है। पद्मश्री पूज्य स्वामी निरंजजानंद सरस्वती जी के प्रयासों से पूरे विश्व के लोग यहां योग सीखने आते हैं। इन गुलामी की मानसिकता से भरे दलों ने हमारे योग तक को विदेशियों के हवाले कर दिया था। आज पूरी दुनिया जून के महीने में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाती है, इसलिए मुंगेर और बिहार के लोगों को गर्व होना बहुत स्वभाविक है। भाजपा ने योग और आयुर्वेद को वैश्विक बनाने के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। एनडीए सरकार योग और आयुर्वेद के लिए विश्व स्तर पर मान्यता देने और प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था स्थापित करेगी। एनडीए सरकार दुनिया के लिए योग और आयुर्वेद के प्रमाणिक पाठ्यक्रम बनाने के लिए इससे जुड़े संस्थानो को मदद देगी और इससे योग और आयुर्वेद सेक्टर में हमारे नवजवानों के लिए पूरी दुनिया में अवसर बनेंगे। मोदी का एक और मिशन है कि भारत को हमारे छोटे किसानों के मोटे अनाज श्री अन्न को दुनिया में घर-घर पहुंचाने का है। बिहार में हमारे किसान बड़ी मात्रा में श्रीअन्न उगाते हैं, इसलिए ये देश के करोड़ों छोटे किसानों की कमाई को कई गुना बढ़ने वाली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद और कांग्रेस के इंडी गठबंधन को न तो संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की। ये वो लोग है जिन्होंने दशकों तक बैलेट पेपर के बहाने गरीबों का अधिकार लूटा है। बिहार के लोग राजद और कांग्रेस के शासन में चुनावों में होने वाली पोलिंग बूथ, बैलेट पेपर, मतदान पत्र की लूट के साक्षी हैं। यहां तक कि गरीब, दलित और पिछड़े भाई-बहनों को डंडे के चोट पर मतदान के लिए मना कर दिया जाता था। आज जब गरीबों और देश के ईमानदार मतदाताओं को ईवीएम की ताकत मिली है, तो विपक्ष परेशान हैं कि कैसे बटन दबाकर आसानी से वोट किया जा रहा है और इसीलिए विपक्ष का दिन-रात एक ही काम रहता है कि कैसे भी करके ईवीएम हटना चाहिए। इंडी गठबंधन के नेताओं ने जनता के मन में ईवीएम को लेकर संदेह पैदा करने का पाप किया है लेकिन देश के लोकतंत्र और बाबा साहब अंबेडकर के संविधान की ताकत से सुप्रीम कोर्ट ने आज ही मत पेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों तगड़ा झटका दिया है और उनके सारे सपने चूर-चूर कर दिए हैं। आज देश के सर्वोच्च न्यायालय ने साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर का पुराना दौर वापस लौटकर के नहीं आएगा। आज जब पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया और चुनावों में तकनीक के उपयोग की प्रशंसा करती है तब ये लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए गलत नीयत से ईवीएम को बदनाम कर रहे थे। इंडी गठबंधन और इसके घटक दलों ने लोकतंत्र के साथ लगातार विश्वासघात करने की कोशिश की है लेकिन आज इन लोगों को देश की सर्वोच्च अदालत ने ऐसा करारा तमाचा मारा है कि ये अब मुंह ऊंचा करके कभी देख नहीं पाएंगे। आज का दिन लोकतंत्र के लिए शुभ और विजय का दिन है। इंडी गठबंधन के हर नेता को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री मोदी ने कहा कि आज देश में राजनीति की दो मुख्य धाराएं बन गई है। एक धारा भाजपा और एनडीए की है, जिसका मकसद है देश को लोगों को सशक्त करना और हर लाभार्थी के दरवाजे तक लाभ को पहुंचाना और इसके विपरीत दूसरी धारा है कांग्रेस और राजद की, जिसका मकसद है देश के लोगों से उनका हक छीनना, उन्हें तरसाकर रखना और खुद की तिजोरी भरना। कांग्रेस और राजद ने मिलकर बिहार के लोगों को विकास के लिए तरसाकर रखा और लोगों को दाने-दाने का मोहताज बना दिया। लालटेन के युग में अंधकार और जंगलराज रहता था। पहले हर कोई यहां से पलायन के बारे में ही सोचता था, लेकिन जेडीयू और भाजपा के नेतृत्व में लालटेन के उस अंधेरे से बिहार को बाहर निकाला है। भाजपा भारत के दलहन और तिलहन में भी आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर चले हैं और इसके लिए आने वाले 5 साल में मिशन मोड में काम होगा। ऐसे में दलहन को कटोरे के रूप में इस क्षेत्र के किसानों की भूमिका और बड़ी होने जा रही है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 50 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बिहार के लोगों के खाते में भेजी गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 1600 करोड़ रूपए बिना किसी बिचौलिये व रिश्वत के सीधे अररिया और सुपौल के किसानों के बैंक खाते में जमा हुए हैं। अररिया और सुपौल दोनों जिलों में गरीबों को 3 लाख पक्के घर मिले हैं। बहनों और बेटियों के जीवन को आसान बनाना एनडीए की प्राथमिकता है। एनडीए सरकार देश की महिलाओं को नल से जल, शौचालय ,निशुल्क बिजली कनेक्शन और मुफ्त राशन मुहैया कराया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज, बहनों-बेटियों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहा है। अगर देश की माताओं-बहनों को दर्द के साथ जीवन व्यतीत करना पड़े, तो उनके भाई और बेटे मोदी का दिल्ली में बैठने का क्या फायदा। गरीब के इस बेटे ने देश की हर महिला को अपनी माँ और बहन माना है। देश की समस्त महिलाओं के इलाज के खर्चे का प्रबंध मोदी ने किया है। और जल्द ही देश के 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले प्रत्येक व्यक्ति के इलाज का 5 लाख रुपए तक का खर्च भी भाजपा सरकार उठाएगी।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी लोगों का हक छीनने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस ने देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी के अधिकारों को छीनने के लिए बड़ी साजिश रच रही है। बाबा साहब अंबेडकर ने देश के संविधान में स्पष्ट तौर पर लिखा था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। मगर कांग्रेस पूरे देश में धर्म आधारित आरक्षण के लिए जोर लगा रही है।

कांग्रेस कर्नाटक के आरक्षण के मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने 27% ओबीसी आरक्षण से चोरी कर, धर्म के आधार पर विशेष समुदाय को देने का षड्यन्त्र किया है। कांग्रेस ने रातों-रात एक कागज पर ठप्पा लगाकर, एक वर्ग विशेष को ओबीसी बना दिया। कांग्रेस ने ओबीसी के हक पर डाका डाला है और यही ये लोग पूरे देश में करना चाहते हैं। आरजेडी इस खेल में कांग्रेस का पूर्ण समर्थन कर रही है। कांग्रेस ओबीसी आरक्षण को छीनकर, अपने चहेते वोटबैंक को देना चाहती है।

## संपादकीय

### बीमा कंपनियों में धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है

जयप्रकाश चौधरी



पश्चिमी देशों की तरह चिकित्सा सुविधाओं का कवच नहीं है, वहां लोगों की अंतिम उम्मीद खुद खरीदी गई बीमा पॉलिसियों पर टिक जाती है। लेकिन बीमा कंपनियों के निरंकुश व्यवहार और उपचार के बाद बिलों के भुगतान में किंतु-परंतु के चलते वृद्धों को यह भरोसा नहीं होता कि बीमा कंपनियां उनके उपचार का पूरा पैसा उपलब्ध करा देंगी। बहरहाल, स्वास्थ्य सेवा तंत्र को अधिक समावेशी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सी,मा को हटा दिया है। हाल ही में एक अधिसूचना में बीमा नियामक ने बीमाकताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे सभी आयु समूहों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करें। अकसर देखा गया है कि बीमा कंपनियां व एजेंट अधिक उम्र वाले लोगों को तब जीवन रक्षक पॉलिसी देने से मना कर देते हैं जब उनको इसकी जरूरत होती है। इतनी ही नहीं कंपनी के हित में बनायी गई पुरानी नीतियों के आधार पर कई दावों को खारिज कर दिया जाता है। बीमा नियामक द्वारा बीमा कंपनियों को पहले से निर्धारित स्थितियों के आधार पर दावों को खारिज करने से रोका गया है। बीमा नियामक ने कहा है कि बीमाकर्ता अब कैंसर, हृदय रोग व गुर्दे के काम न करने पर, एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से इनकार नहीं कर सकते। निश्चित रूप से यह तार्किक स्थिति है कि सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सिमटने, शरीर द्वारा साथ न देने व अपनों का साथ छूटने से लाचार व्यक्ति को उपचार के लिये अब चिकित्सा बीमा कवच मिल सकेगा। निस्संदेह, इस तरह के कई गंभीर रोगों से ग्रस्त लोग चिकित्सा बीमा न मिल पाने की स्थिति में गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के दौरान कई परिवारों के गरीबी के दुश्चक्र में फंसने के मामले सामने आए हैं।

निश्चित रूप से बीमा नियामक की यह पहल वक्त की जरूरत के हिसाब से एक कल्याणकारी व्यवस्था की तरफ बढ़ा कदम है। यदि बुजुर्गों को बीमा सुविधा मिलने लगेगी तो वे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के झटकों को झेलने के लिये पहले से ही बेहतर तैयारी कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह सुविधा उस देश के लिये बदलावकारी हो सकती है जहां कि युवा आबादी बुजुर्ग आबादी की दिशा में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश की कुल आबादी की बीस प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। वर्ष 2023 में किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग साठ फीसदी भारतीय बीमा कंपनियों में धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

# कांग्रेस चार पीढ़ियों तक गरीबी हटाने की बात करती रही लेकिन गरीबी नहीं हटा सकी: अमित शाह

**दिल्ली, (नवशक्ति )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज शुक्रवार को मध्य प्रदेश के गुना और राजगढ़ में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और कांग्रेस द्वारा एक वर्ग विशेष के तुष्टिकरण की नीति की कड़ी निंदा की। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री मोहन यादव, निवर्तमान गुना सांसद केपी यादव, गुना लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजगढ़ लोकसभा प्रत्याशी रोडमल नागर सहित अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे।श्री शाह ने कहा कि यदि जनसंघ और भाजपा की नींव के लिए श्रद्धेय राजमाता ने बलिदान न दिया होता तो वर्तमान की भाजपा की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। हमारे प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया और रोडमल नागर को दिया गया एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा। जनता जब अपने सांसद प्रत्याशी को वोट करती है तो पार्टी से अपने सांसद को आगे बढ़ाने की उम्मीद रखती है, लेकिन प्रधानमंत्री जी ने तो गुना को एक बना बनाया मंत्री प्रत्याशी के रूप में दे दिया है, इसलिए ये आप की जिम्मेदारी है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रचंड बहुतमत से विजयी बनाए। निवर्तमान सांसद केपी यादव ने गुना क्षेत्र की बहुत सेवा की है इसलिए केपी यादव की चिंता पार्टी पर छोड़ दीजिए, श्री केपी यादव के भविष्य और उन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है। गुना की जनता को केपी यादव और ज्योतिरादित्य सिंधिया, दोनों नेता मिलेंगे। यह चुनाव देश को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र, 3 करोड़ माताओं बहनों को लखपति दीदी, लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगाकर उन्हें बिजली से मुक्ति दिलाने और पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ नए घर बनाने का चुनाव है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सवाल करते हैं कि धारा 370 का मध्यप्रदेश और राजस्थान की जनता से क्या लेना देना है? छत्तीसगढ़ के लोग कश्मीर के लिए जान देने को तैयार हैं। कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को बनाए रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर-के कश्मीर को सदैव के लिए भारत का अभिन्न अंग बना दिया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का कहना था कि धारा 370 के हटने से कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन पिछले 5 वर्षों में खून की नदियां छोड़िए।

# भाजपा जो कहती है, वह करती है, झारखंड अलग राज्य भी भाजपा की देन : बाबूलाल मरांडी

**गिरिडीह (नवशक्ति)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 26 अप्रैल को गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसमें आम लोगों की भारी भीड़ थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की जय जयकार पूरी दुनिया में हो रही है देश की जय जयकार तभी होगी जब नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाएंगे। प्रधानमंत्री की सोच है की हर व्यक्ति को भोजन मिलना चाहिए। बीमार होने पर उनका बेहतर इलाज होना चाहिए। ऐसे भारत को बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को देखेंगे तो स्पष्ट होगा कि आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मां बहनों की इज्जत का भी ख्याल रखा। हर घर में शौचालय बनवाया। गैस का कनेक्शन दिया। गरीबों को रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास दिया।




प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी हमले देश पर होते थे। तब केंद्र सरकार कभी अमेरिका जाती थी, कभी यूएनओ जाती थी। कहती थी कि हमारे यहां बम विस्फोट हो गया है। पूरी दुनिया भारत पर हंसती थी। 2014 में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब उन्होंने कहा कि बाहर से एक भी आतंकवादी अगर यहां हमला करेगा तो उसे घुसकर मारेंगे। जब देश में एक दो घटना हुई तब सेना के जवानों ने घुसकर मारा। इसके बाद इंडी गठबंधन के लोग इसका सबूत मांगने लगे। यह लोग देश विरोधी हैं। विकास विरोधी हैं। इन लोगों से सावधान रहना होगा।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग झारखंड और विकास विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई देश आजाद होने के समय से चल रहा था। कांग्रेस 50-60 साल तक सत्ता में रही, लेकिन झारखंड अलग राज्य का निर्माण नहीं किया। झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वालों को खरीद लिया। फिर उन्हें जेल में भेज दिया, लेकिन झारखंड राज्य नहीं बनाया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। भाजपा जो करती है, वह करती है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में एनडीए की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को फिर से रिकॉर्ड मतों से विजय बनाकर दिल्ली भेजना है। विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी दिलीप वर्मा को विजय बनाना है। दोनों ही बार कमल छाप पर वोट देना है। श्री मरांडी ने कहा कि लोकसभा में जनता 5 साल के लिए सांसद का चुनाव करेगी। विधानसभा उपचुनाव में मात्र 5 महीने के लिए विधायक का चुनाव करेगी।

# एनडीए गठबंधन विकास के मुद्दे पर रोज आगे बढ़ने का काम कर रहा है : चिराग पासवान

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में फारबिसगंज में अररिया से एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो विश्वास प्रधानमंत्री जी ने पिछले 10 साल में अपने कार्यों से अर्जित किया है, जिसको हम सब प्यार से मोदी की गारंटी कहते हैं। वह विश्वास इतना ज्यादा है कि आज किसी को ये बताने की जरूरत नहीं है कि एनडीए के किस प्रत्याशी के प्रति आप मतदान करें, किसको आप जितायें क्योंकि यह मन आप लोग बना चुके हैं। कारण है इसके पीछे जिस प्रकार से प्रधानमंत्री जी ने एक के बाद एक देश में गरीब कल्याण की योजना लेकर आए जिसने भारत के न सिर्फ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम किया बल्कि बुनियादी जरूरतों तक, महिलाओं के शौचालय तक की चिंता प्रधानमंत्री जी ने करने का काम किया। एक तरफ जहां हमारा एनडीए गठबंधन विकास के मुद्दे पर रोज आगे बढ़ने का काम कर रहा है। प्रधानमंत्री जी ने हम सबको लक्ष्य दिया है कि 2047 तक हमलोगों को भारत को एक विकसित देश बनाना



है । भारत विकसित देश तब बनेगा, जब भारत का हर राज्य विकसित बनेगा, जब हमारा हर एक जिला विकसित बनेगा, हमारा हर एक प्रखंड ,हमारी हर एक पंचायत हमारा हर एक गांव विकसित बनेगा। यह लक्ष्य हमारे प्रधानमंत्री जी का 2047 तक का है, लेकिन ठीक इसके विपरीत विपक्ष है ,जो भ्रम फैलाने का प्रयास करता है संविधान को लेकर ,आरक्षण को लेकर, लोकतंत्र की हत्या को लेकर। यह एक ऐसा विपक्ष है जो पूर्णतः पूर्णतः मुद्दाविहीन है। इनके पास कोई उठाने के लिए मुद्दा नहीं है, तो डराने की राजनीति की जाती है, संविधान को समाप्त कर दिया जाएगा, आरक्षण को समाप्त कर दिया जाएगा। आज प्रधानमंत्री जी के इस मंच से प्रधानमंत्री जी के सामने प्रधानमंत्री जी के ही शब्दों को दोहराते हुए आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं, जब तक हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं, तब तक ना देश में संविधान को खतरा है, ना देश में आरक्षण को कोई खतरा है, और आज इस मंच से मै मेरे नेता मेरे पिता आदरणीय रामविलास पासवान जी के संघर्षों की कसम खाकर आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं ,जब तक चिराग पासवान जीवित है, न आरक्षण पर, न संविधान पर कभी कोई खतरा था, न भविष्य में कोई खतरा आएगा ,यह वादा आप लोगों से करता हूं।उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

# भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद को परिवारवाद पर घेरा

**मुंगेर (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुंगेर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोगों को कंफ्यूज करने का प्रयास किया जा रहा है। आज लोग कहते हैं कि संविधान खतरे में है। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मंच से श्री चौधरी ने कहा कि मैं आपको बोलना चाहता हूं कि बिहार के लोग जानते हैं कि देश में 10 साल से मोदी की गारंटी चल रही है। देश में लोकतंत्र की रक्षा करने वाले प्रधानमन्त्री जी है। प्रधानमन्त्री मोदी जी का स्पष्ट मानना है कि मोदी ही नहीं, बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाये तो अब संविधान नहीं बदल सकते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद पर निशाना साधते



हुए आगे कहा कि जो लोग आरक्षण के नाम पर लोगों को गुमराह करते हैं अगड़ी, पिछड़ी की बात करते हैं, उनको स्पष्ट कहना चाहता हूं कि वे सिर्फ अपने लिए जीते है।

बिहार में कुछ लोग अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना जानते हैं , अपने बेटे को उप मुख्यमंत्री बनाना जानते हैं। अपने दूसरे बेटे को मंत्री बनाना जानते हैं। आजकल टूरिस्ट बेटी भी सिंगापुर से आकर चुनाव लड़ने का काम कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमलोगों को तय करना है । उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने वाला कोई है तो देश के प्रधानमंत्री हैं। एक एक वोट एनडीए को दीजिएगा तो तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी प्रधानमन्त्री बन जाएंगे।

# तेजस्वी जी के सवालों का जवाब देने की जगह भ्रम और धर्म की राजनीति पर मोदी जी का एजेंडा चल रहा है : एजाज अहमद

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने जनहित और बिहार के हित में जिन 7 सवालों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा था, उस पर जवाब देने की जगह नरेंद्र मोदी ने भ्रम और धर्म की राजनीति करना शुरू कर दिया है।

एजाज ने आगे कहा कि मोदी को महंगाई के मुद्दे पर जनता घेर रही है वहां उनके पास जवाब नहीं होता है ।साथ ही नौजवान रोजगार के मुद्दे पर भाजपा से पूछ रहे हैं की हर साल 2 करोड़ नौकरी या रोजगार देने की बात की थी उसका क्या हुआ। महिलाओं के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करने वाले आज भी भाजपा में बने हुए हैं, क्या महिलाओं के सम्मान के प्रति भाजपा के यही सोच है।



एजाज ने आगे कहा कि बिहार के 40 लोकसभा सीटों में भाजपा और एनडीए ने एक भी महिलाओं को टिकट नहीं दिया क्या महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव प्रधानमंत्री की नजर में इसी तरह का है। दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा और एनडीए नेताओं को इस बात का एहसास हो गया है कि देश की जनता मुद्दों के साथ खड़ी है। और इंडिया तथा महागठबंधन के प्रति अपना विश्वास जता रही है ,इसी कारण से नरेंद्र मोदी बेचैनी में है । और इनको इस बात का एहसास हो गया है कि देश की जनता अब जुमलाबाजी, भ्रम और धर्म की राजनीति से ऊब चुकी है। और उनकी पोल जनता के बीच में खुल चुकी है और जनता अब मोदी जी को सुनना नहीं चाहती है।

इन्होंने कहा कि मोदी जी की सभा में जो भी भीड़ आ रही है वह लदुआ भीड़ होती है , और इसमें कोई उत्साह और उमंग भी नहीं होता है, क्योंकि जनता 10 सालों में केंद्र सरकार के द्वारा कार्यकलापों से ऊब चुकी है और इससे छुटकारा के लिए लोग केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में वोट कर रहे हैं।

# भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई

**पटना सिटी।** भारतीय जनता पार्टी पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव संचालन हेतु बैठक का आयोजन खाजेकला पानी टंकी स्थित राज दरबार में हुई।

बैठक की अध्यक्षता पटना साहिब विधानसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक श्री दिनेश पटेल ने किया।

बैठक में विभिन्न कार्यों के संपादन हेतु लोगों को प्रभार सौंपा गया।

जिन लोगों को प्रभार मिला है वो प्रचार रथ, सोशल मीडिया माध्यम द्वारा प्रचार,घर घर जाकर महिला मोर्चा द्वारा जनसंपर्क, दलित एवम् झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में जनसंपर्क, व्यापारियों और उधामियो से जनसंपर्क , एनडीए गठबंधन के सभी घटक दल के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करने के लिए




बैठक, लाभार्थी लोगों से सम्पर्क, बूथ स्तर पर मतदान ज्यादा से ज्यादा हो पन्ना प्रमुख एवम् बूथ अध्यक्ष को सक्रिय करना आदि कार्यों का संपादन करेंगे।

इस कार्यक्रम में संतोष मेहता, रूपनारायण मेहता, नवीन कुमार सिंहा, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, राजेश साह,रामनाथ पटवा, संजय सिंह, नित्यानंद सिंह, सरोज जायसवाल, कांति केसरी, स्मिता रानी, अजय आजाद, सुजीत कुशवाहा, अजय सिंह, लल्लू शर्मा, पवन मेहता, अविनाश पटेल, विनोद पासवान, रंजीत सिन्हा तन्नू जी, किरण शंकर, शंभू केसरी, विनय केसरी, ललित अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से इंडी गठबंधन के दुष्प्रचार का पदार्फाश हुआः विजय कुमार सिन्हा

**पटना,( संवाददाता)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि देश में बैलेट से चुनाव कराने तथा ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाने वाली सभी याचिकाओं को निरस्त करते हुए एक बार फिर से साबित कर दिया कि आज देश में संवैधानिक संस्थाएं बिना किसी दबाव या हस्तक्षेप के सुचारू रूप से चल रही हैं । श्री सिन्हा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से बार-बार देश के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं की शुचिता और निष्पक्षता पर प्रश्न करने वाला टुकड़े-टुकड़े गैंग और उनका इकोसिस्टम फिर से बेनकाब हुए हैं ।

श्री सिन्हा ने कहा कि आज इस गैंग के राजनीतिक प्रतिनिधि इंडी गठबंधन बनाकर देश में घूम रहे हैं । इन लोगों का जब देश और राज्य में शासन था उसी दौर में संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा को धूमिल करने



के सबसे ज्यादा प्रयास हुए ।

श्री सिन्हा ने कहा देश में बूथ कैप्चरिंग जैसी कुत्सित परिपाटी कांग्रेस ने शुरू की थी ।माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलट कभी देश में आपातकाल तो कभी तुष्टिकरण का तांडव किया गया । बिहार में लालू परिवार के शासन ने चुनाव के दौरान बूथ कैप्चरिंग और हेराफेरी के कारण मतपेटियों से 'जिन्न' निकलते थे । श्री सिन्हा ने कहा कि जिस चुनाव आयोग के गठन के लिए केवल प्रधानमंत्री के सहमति की जरूरत होती थी । मोदी जी की सरकार ने उसके गठन में लोकसभा में विपक्ष के नेता की भी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित कर दी है ।श्री सिन्हा ने कहा कि जनादेश की अदालत में बार-बार हार कर कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग को दोष देने वाली राष्ट्रविरोधी ताकतों और उनके राजनीतिक मंच इंडी गठबंधन का सफेद झूठ आज देश की सबसे बड़ी अदालत में हारा है । इसलिए ये लोग जनता के बीच झूठ और भ्रम फैलाने से बाज आएं ।

# बैलेट से चुनाव की मांग कर राजद फिर कायम करना चाहता था जंगलराजः सम्राट चौधरी

## 1990 से लेकर 2004 तक बैलेट पेपर के माध्यम से हुए कुल 9 चुनावों

**पटना, संवाददाता।** श्री चौधरी ने कहा कि आज राजद अपने दौर के बूथ लूट और चुनावी हिंसा को भूल गया है। 1990 से लेकर 2004 तक बैलेट पेपर के माध्यम से हुए लोकसभा, विधानसभा व पंचायत के कुल 9 चुनावों में हुई हिंसक घटनाओं में 641 लोग मारे गए थे। 2000 के विधानसभा चुनाव में 39 स्थानों पर फायरिंग हुई थी तथा चुनावी हिंसा में 61 लोग मारे गए थे। 1990 में 87 तथा 1999 में 76 लोग चुनावी हिंसा के शिकार हुए थे। 2001 के पंचायत चुनाव में 196 लोगों की अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

उन्होंने कहा कि 1998 के लोकसभा चुनाव में राजद के दो दर्जन मंत्री,विधायकों पर बूथ




लूट,हिंसा व मतदान में बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। बिहार देश का अकेला ऐसा राज्य था जहां चुनावी हिंसा और बूथ लूट के कारण सर्वाधिक पुनर्मतदान कराने की नौबत आती थी। बड़े पैमाने पर बूथ लूट और हिंसा का ही नतीजा था कि 2004 में छपरा लोकसभा क्षेत्र जहां से लालू प्रसाद चुनाव लड़ रहे थे तथा 90 के दशक में पूर्णिया और दो-दो बार पटना लोकसभा का चुनाव स्थगित करना पड़ा था। 1995 के बिहार विधान सभा चुनाव में बूथ लूट की व्यापक शिकायत पर ही 1668 मतदान केन्द्रों पर पुनर्मतदान कराना पड़ा था।

2005 में एनडीए की सरकार आने के पहले हर चुनाव में बूथ लूट, हिंसा, मारपीट, बैलेट बॉक्स की छीना झपटी, बक्शे में स्याही डालने की घटना आम थी। आम मतदाता से लेकर मतदानकर्मी तक चुनाव से डरे-सहमे रहते थे। राजद-कांग्रेस बूथ लूट के जरिए ही अपनी चुनावी जीत सुनिश्चित करते थे और लालू इसी को बोतल से जिन्न निकलना बताते थे। ईवीएम से होने वाले चुनाव की पारदर्शिता के बाद न केवल इनकी लूट पर रोक लगी बल्कि इनका चुनावी ग्राफ भी नीचे चला गया। झूठे आरोप लगा कर ईवीएम का इसलिए विरोध कर रहे हैं ताकि एक बार फिर चुनावी हिंसा के जरिए जंगल राज कायम किया जा सके।

## संक्षिप्त खबर

### कृषि संयुक्त निदेशक ने किसानों द्वारा अनुदानित दर पर खरीदें गये कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया



**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत में पटना प्रमंडल के कृषि संयुक्त निदेशक संतोष कुमार उत्तम ने किसानों द्वारा अनुदानित दर पर खरीदें गये कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया।

अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जिस किसान ने वित्तीय वर्ष 2023-24अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत पावर टिलर, सिंचाई पंप,पंप सेट की खरीदारी की गई थी। जिसमें गढ़िया पर,प्रेमन विगहा,रामचक,तीना के किसान शामिल हैं ।जिन किसानों के घर में कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया,जिसमें रामचक में अरविंद कुमार ,गढियापर में मंजू देवी,गुरू प्रकाश,प्रेमन विगहा में राजीव रंजन, मालती देवी का घर शामिल हैं। इस मौके पर संयुक्त कृषि निदेशक ने कहा कि किसान क्रय किए गए कृषि यंत्रों का खेती में भरपूर फायदा उठाये। सरकार किसानों के लिए कृषि क्षेत्र में कार्य करने के लिए बहुत तरह के कृषि यंत्र पर अनुदान दें रही है। जिसका लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी महेश चौधरी, प्रखंड किसान सलाहकार समिति सदस्य जितेन्द्र प्रसाद, कृषि समन्वयक विश्वकांत कुमार वर्मा के अलावा किसान भी उपस्थित थे।

### जीवित मतदाता का नाम सूची से हटाने का मामला पहुंचा निर्वाचन आयोग



**पटना (संवाददाता )।** मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाने का मामला पहुंचा निर्वाचन आयोग। कटिहार संसदीय क्षेत्र में कथित रूप से जानबूझकर एक खास वर्ग के लोगों का नाम मतदाता सूची में लिखे होने के बावजूद डिलीटेड लिखकर काट दिया गया। तरह से जायज मतदाता का नाम नाजायज तरीके से काटकर मतदान करने से वंचित कर दिया गया। यहाँ तक की कुछ लोगों को यह भी जानकारी दी गई की उनका नाम मृत घोषित करते हुए काट दिया गया, जबकि वे सदेह मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए उपस्थित थे। न्यायिक विभाग के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि उक्त मामले में शनिवार को भाजपा न्यायिक विभाग के प्रमुख वरीय अधिवक्ता एस डी संजय ने नई दिल्ली स्थित मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राज्य के निर्वाचन पदाधिकारी व कटिहार के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज करवाया है। मोके पर भाजपा प्रवक्ता संजीव मिश्रा, दीपक वर्मा, राम अनुराग सिंह, अरविंद कुमार मंटू, अवधेश सिंह, स्वेता सिंह व संजीत तिवारी भी उपस्थित थे।

# दूसरे चरण के रुझान से ही प्रधानमंत्री ने मान ली हार, कर रहे हैं नए आशियाना की तलाशः राजेश राठौड़

**पटना, (संवाददाता)।** लोकसभा चुनावों में अपनी संभावित हार को भांपते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों से निराशा और हताशा झलकने लगी है। वें अपने दस वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर वोट मांगने लायक नहीं रहे हैं तो वापस अपने ध्रुवीकरण के पिच पर राजनीतिक बयानबाजियों के तरफ मुड़ गए हैं। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने आज प्रधानमंत्री के बिहार दौरे पर दिए भाषणों के बाद कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में हार को देखते हुए निराश होकर वें अपने चुनावी दौरे भी ऐसे क्षेत्रों में करने को मजबूर हो गए हैं जिनके अगल बगल के जिलों में मतदान हो रहे हैं जो यह स्पष्ट कर देता है कि वें मतदान के रुझानों से डर चुके हैं। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि देश में एक ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी दल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं भाजपा वापस अपने ध्रुवीकरण की राजनीति पर आ टिकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की बात छोड़ सिर्फ ध्रुवीकरण पर अपने भाषणों को फोकस रख रहें हैं। यह बताने को काफी है कि वें समझ चुके हैं कि जनता ने उन्हें प्रथम चरण के बाद दूसरे चरण के साथ आने वाले सभी चरणों में नकार चुकी है। इसलिए वें पुनः देश को अपनी रटी रटाई नीतियों पर भाषण देने को मजबूर होने लगे हैं। न तो उनके भाषणों में अब विकास की बात आती है और न ही देश के लिए आगामी योजनाओं पर केवल वें कांग्रेस के न्याय पत्र और इंडिया गठबंधन के डर से घिरे नजर आते हैं। प्रधानमंत्री के भाषण यह बताने को काफी है कि वें चुनावों में अपनी हार को भांप चुके हैं इसलिए वें अनर्गल बयानबाजियों के सहारे फिर से देश में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली बातें करने लगे हैं। साथ ही दूसरे चरण से ही वें अपनी हार मान चुके हैं ये अब उनके चेहरे और बातों से भी झलकने लगा है इसीलिए नए आशियाने की तलाश में भटकने लगे हैं। साथ ही कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह पर झूठे आरोप लगाए कि उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमान का है जबकि डॉ मनमोहन सिंह ने ऐसा कभी नहीं कहा था, इसलिए कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग को इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि मुंगेर में तो लोकसभा चुनाव के बाद की अपनी मंशा भी बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति उन्होंने उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री कहकर जाहिर कर दी है। इसलिए जदयू के लोगों को भी अब भाजपा के प्रति अलर्ट मोड में रहने की जरूरत है।

# हथियार लहराते विडियो वायरल करने वाला युवक हथियार संग गिरफ्तार



**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** सोशल मिडिया पर हथियार लहराते हुए अपना विडियो वायरल करना आज कल के युवकों का प्रचलन हो गया है। इधर पुलिस भी इन वायरल विडियो का संज्ञान लेते हुए कारवाई करने मे बाज नहीं आ रही है।

बताया जाता है की एक युवक को सोशल मीडिया पर हथियार के साथ अपना फोटो वायरल करना बहुत ही महंगा पड़ गया । पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए वायरल विडियो का सत्यापन कराते हुए एक युवक को एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले मे इस्लामपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया की हमारे सरकारी मोबाइल पर सोशल मिडिया के माध्यम से एक देशी कट्टा लहराते हुए एक विडियो प्राप्त हुआ। पुलिस ने वायरल विडियो का सत्यापन करते हुए पुलिस ने इस्लामपुर थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव मे छापेमारी कर दानी रविदास उर्फ दानी मिस्त्री के पुत्र आशुतोष कुमार को एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत मे हिलसा भेज दिया।

# बिहार की सभी सीटें जीतेगा एनडीए, विपक्ष होगा चारो खाने चित्तः राजीव रंजन

**बक्सर/पटना।** आज बक्सर में एनडीए के नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन, एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक यादव भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह आदि उपस्थित रहें. वार्ता से पहले जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री रंजन ने बबलू राम, विजय श्रीवास्तव, जहूर खान हवलदार यादव, उमेश पटेल आदि दो दर्जन से अधिक युवाओं को पार्टी की सदयस्ता भी प्रदान करवाई.

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद एनडीए को लेकर हर सीट से सकारात्मक रुझान सामने आ रहे हैं. वहीं विपक्षी दलों की मौकापरस्ती और परिवारवाद को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है. विपक्ष का मनोबल पूरी तरह से गिर चुका है, जिसकी छाप इनके बयानों में साफ नजर आ रही है. वास्तव में एनडीए बिहार की सभी सीटें जीतने वाला है. चुनाव बाद विपक्षी नेताओं को मुंह छिपाने की भी जगह नहीं मिलेगी.

उन्होंने कहा कि वास्तव में एनडीए सरकार ने समाज के हर जाति-वर्ग के लिए जिस तरह से विकास की गंगा बहाई है, उसने विपक्ष के फूट डालो और राज करो की रणनीति की धज्जियां उड़ा दी है. अब उन्हें भी विकास की पिच पर आना पड़ रहा है, जहां उनके नेता चारो खाने चित्त होने वाले हैं.

उन्होंने कहा कि एनडीए की नीतीश सरकार ही है जिसने आधी आबादी को भी पूरा हक दिया है. आज नीतीश सरकार के कारण ही बिहार की महिलाओं को उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में




50% आरक्षण का लाभ मिल रहा है. इससे राबड़ी जी के राज में घरों में कैद रहने वाली महिलाएं आज आगे बढ़कर समाज का नेतृत्व कर रही हैं. दरअसल महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा शुरू की गयी क्रांतिकारी योजनाओं ने भी आज बिहार की महिलाओं का जीवन बदल दिया है. इसी वजह से पहले घर से बाहर निकलने में झिझकने वालीलिए बिहार की महिलाएं आज पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं.

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश सरकार ने ही बिहार की लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है. इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन के लिए भी में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया गया है. ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल से ही बिहार देश का ऐसा पहला राज्य बना जहां महिलाओं को पुलिस विभाग व अन्य सरकारी नौकरीयों में 35 फीसदी का आरक्षण दिया गया. इसी सरकार ने महिलाओं के लिए शिक्षा विभाग की नौकरियों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान भी किया हुआ है. इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने कहा कि विपक्षी दलों के पास आगामी चुनाव को लेकर न तो कोई नीति है और न ही साफ नियत. इनका हर दल किसी न किसी खानदान या व्यक्ति विशेष की जागीर है. वहीं हर दल के युवराज घमंड में चूर हैं. इसी के कारण यह न तो एक दूसरे का सम्मान करते हैं और न ही इनके कार्यकताओं में आपसी सहयोग की भावना है. एजेंडाविहीन इन दलों का एकमात्र मकसद अपने प्रमुख खानदानों की जमींदारी को बचाए रखना है. इसी की मजबूरी में यह एक दूसरे के साथ खड़े हैं. जनता जानती है कि इनकी एकता ताश के पत्तों की तरह है जो एक झोंके से भरभरा कर गिर जायेगी.

उन्होंने कहा कि बक्सर की जनता स्वभाव से राष्ट्रवादी है. उनके सामने विपक्ष का कोई प्रोपगैंडा काम नहीं आने वाला. लोग जानते हैं कि इनके पास न तो विकास करने की नीति है और न ही नियत. इन्होने बार-बार यह साबित किया है कि इन्हें विकास से चिढ़ है. इनके लिए विकास का मतलब सिर्फ अपने परिवार की संपत्ति का विकास करना है. बक्सर की जनता इनके मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी.

# परिवारवाद की सोच से ग्रसित लोग कभी गरीबों के हितैषी नहीं हो सकते हैं: उमेश सिंह कुशवाहा

**मुजफ्फरपुर /सीतामढ़ी (संवाददाता)।** बिहार जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जद(यू0) प्रत्याशी

देवेश चंद्र ठाकुर एवं मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉ0 राजभूषण निषाद चैधरी के नामांकन समारोह में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों जगहों पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि माता सीता की पावन जन्मभूमि पर जन्म लेने वाला हर व्यक्ति आदर का पात्र है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा का यह चुनाव दो धारा के बीच है, एक तरफ राजद-कांग्रेस की बेमेल गठबंधन है जो सिर्फ अपने स्वार्थ की राजनीति करती है और सत्ता को कमाई का साधन मानती है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्तीश कुमार है जो शोषित-वंचित की तरक्की के लिए दिनरात तत्पर रहते हैं। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि परिवारवाद की मानसिकता रखने वाले लोग कभी जनता के हितैषी नहीं हो सकते हैं। सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता को ऐसे दोमुहें लोगों से



सावधान रहने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जद(यू0) प्रत्याशी देवेश चन्द्र ठाकुर के अद्भुत कार्यक्षमता और अनुभव की कायल पूरा बिहार है। हमें विश्वास है कि वें सीतामढ़ी के लिए बेहतर काम करेंगे। श्री नीतीश कुमार जी ने जद(यू0) की ओर से सबसे पहले जिस उम्मीदवार की घोषणा की थी, वो श्री देवेश चन्द्र ठाकुर थे। चुनाव में लोग कई तरह के समीकरण की बात करते हैं लेकिन हमारामानना है कि जब आपके भीतर सेवा की भावना प्रबल होती है, तब सारे समीकरण ध्वस्त हो जाते हैं और जीत सेवाभावना की होती है साथ ही उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन का मुख्य एजेंडा जनता के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार करना है और बीते वर्षो में हमने बिहार की तरक्की के लिए जो काम किए हैं उसी के आधार पर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने निकलें हैं लेकिन आश्चर्य का विषय है कि विपक्षी पार्टी राजद इस चुनाव में अपने 15 साल के कार्यकाल की चर्चा तक नहीं कर रही है। इसकी असली वजह यह है कि जंगलराज और भ्रष्टाचार राजद के शासनकाल की एकमात्र पहचान रही है। बिहार की जनता ने जंगलराज के काले दौर को झेला है, जंगलराज स्थापित करने वालों के बहकावे में जनता अब नहीं आएगी।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव नए पीढ़ियों की दशा और दिशा को तय करेगा। मोदी-नीतीश की जोड़ी के नेतृत्व में हम ह्यविकसित भारत-विकसित बिहारह्ल के संकल्प को साकार करने निकले हैं। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं देश में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में यह साबित किया है कि विकास के प्रति एनडीए की सोच में कोई खोंट नहीं है इसलिए एनडीए प्रत्याशी को दिया गया प्रत्येक वोट बेहतर भविष्य के निर्माण में निर्णायक साबित होगा।

## प्राणघातक हमले के आरोप में तीन-तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वतीय,जावेद अहमद खान, ने जान मारने के नियत से बंदूक से गोली मारने के आरोप में ग्राम करपी बाजार थाना करपी जिला अरवल निवासी महेश प्रसाद, मुन्ना प्रसाद एवम कमलेश प्रसाद को दोषी पाते हुए धारा 452, एवम 324 क्द्ध3 में तीन तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवम 27 आर्म्स एक्ट में एक वर्ष की सजा सुनाई है, और प्रत्येक को दो दो हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है।

अर्थ दंड की रकम नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा अभियुक्तों को भुगतनी होगी। अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि इस केस के सूचक ग्राम करपी बाजार निवासी मोहन प्रसाद खत्री ने करपी थाना कांड संख्या 83/2004 प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था की चार अक्टूबर 2004 रात्री करीब साढ़े सात बजे, मैं तथा मेरा भाई सतेंद्र प्रसाद खत्री घर में बैठकर बात कर रहें थे, इसी बीच अन्य अभियुक्तों के साथ महेश प्रसाद एवम मुन्ना प्रसाद ने अपने हाथ में लिए पिस्तौल लेकर छत पर चढ़ गया, और जान मारने के नियत से फायर कर दिया, जो मेरे भाई शतेंद्र प्रसाद खत्री को वाया जांघ एवम वाई हाथ के उंगली में गोली लगी और वो जमीन पर गिर गया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक बिंदु भूषण प्रसाद द्वारा कुल तेरह गवाही की गवाही न्यायलय में कराई गई। सुनवाई के बाद न्यायलय ने तीनों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## महिला उद्यमियों को सशक्तिकरण: बिहार डाक परिमंडल ने डाकघर निर्यात केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया

**पटना।** बिहार डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष, अनिल कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में, बिहार में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी की गई। यह कार्यक्रम 26 अप्रैल, 2024 को दोपहर 2:30 बजे सेमुख्य डाक महाध्यक्ष के कार्यालय के तीसरी मंजिल के सम्मेलन कक्ष में हुआ।




इस महत्वपूर्ण अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती उषा झा, बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष, उपस्थित थीं। श्री अनिल कुमार, मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार परिमंडल, पटना ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की और बिहार की महिला उद्यमियों को अधिक से अधिक संख्या में निर्यातक बनने हेतु डाकघर निर्यात केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डाकघर निर्यात केंद्र के माध्यम से निर्यातक अपने उत्पाद/ वस्तुएं को विदेशों में आसानी से भेज सकते हैं।

इस कार्यक्रम को बिहार डाक परिमंडल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक लाइव के माध्यम से व्यापक कवरेज दिया। इसके माध्यम से यह कार्यक्रम विभिन्न दर्शकों, निर्यातकों एवं आमजनता तक पहुँचाया गया और उन्हें कार्यक्रम फेसबुक लाइव के जरिए देखने एवं डाकघर निर्यात केंद्र के बारे में विस्तृत तरीके से जानने का अवसर मिला। इस अवसर पर श्री अनिल कुमार ने श्रीमती उषा झा का आभार व्यक्त किया और DNK के महत्व पर अपनी अवधारणाओं को साझा किया।

उन्होंने बिहार महिला उद्यमियों को समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए उठ्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया इस कार्यक्रम ने समावेशी विकास और लैंगिक समानता की व्यापक दृष्टि के अनुरूप, सामाजिक-आर्थिक विकास और सशक्तिकरण के लिए बिहार डाकपरिमंडल के समर्पण के प्रमाण के रूप में कार्य किया है।

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की तरह सीतामढ़ी में मां जानकी का भी बनेगा भव्य मंदिर : सम्राट चौधरी

**सीतामढ़ी (संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सीतामढ़ी में एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार देवेश चंद्र ठाकुर जी के भव्य नामांकन समारोह में सम्मिलित हुए।



यहां एक सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सीतामढ़ी की समृद्धि और विराट विरासत के लिए मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि 500 सालों से अयोध्या में प्रभु श्रीराम ऐसे भागीरथ के इंतजार में थे जो उन्हें भव्य मंदिर में ले जाए। जब आपने नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाई तो प्रभु श्रीराम आज भव्य मंदिर में स्थापित हो गए।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की तरह सीतामढ़ी में मां जानकी का भी बनेगा भव्य मंदिर बनेगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा अभी 72 करोड़ रुपए की राशि मां जानकी स्थल के विकास के लिए दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आज भारत का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। मोदी जी को अपार स्नेह और समर्थन देने आयी सीतामढ़ी लोकसभा की जनता का उन्होंने आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने लोगों से मोदी जी एवं नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में ‍‍"विजय श्री" का आह्वान किया। इस अवसर पर एनडीए साथी दल के श्री उपेन्द्र कुशवाहा जी और माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : अरुण यादव

**भागलपुर।** राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने दूसरे चरण में भागलपुर सहित पांच लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में जबरदस्त समर्थन के लिए मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन समर्थित उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है।

श्री यादव ने कहा कि भागलपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों से पार्टी कार्यकताओं द्वारा मिले फीडबैक के अनुसार इंडिया गठबंधन समर्थित उम्मीदवार अजीत शर्मा की जीत सुनिश्चित है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की नीतीश सरकार के विरुद्ध लोगों में काफी आक्रोश था क्योकि केंद्र और राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के कारण बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी चरम पर है। बेरोजगारी से छात्र, नौजवान परेशान है। कमरतोड़ महंगाई के कारण लोगों का जीना मुश्किल है।

श्री यादव ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा 17 महीनों की महागठबंधन सरकार के कार्यकाल पांच लाख नौकरी दिए जाने सहित अनेकों जनहित में किये गए कार्यों से प्रभावित होकर लोगों ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में उत्साहित होकर समर्थन किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के चालीस सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

### मतदाताओं ने नौकरी, रोजगार और महंगाई के मुद्दे पर वोट किया : राजद

**पटना।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन आज हुए पांचों लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में इंडिया गठबंधन को दिए जबरदस्त समर्थन के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पांचों सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताया है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों से मिले फीडबैक के अनुसार इंडिया गठबंधन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी मतों के अन्तर से चुनाव जीतने जा रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा राजद के प्रदेश कार्यालय से बांका , भागलपुर, पूर्णिया , कटिहार और किशनगंज के एक-एक बुथ पर उपस्थित अपने कार्यकताओं से फीडबैक लेने से जो स्थिति सामने आई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि पांचों लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद एवं इंडिया गठबंधन को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिला है और विपक्षी उम्मीदवारों को मतदाताओं ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। मतदाताओं ने नौकरी, रोजगार और महंगाई के मुद्दे पर वोट किया है साथ हीं नफरत और घृणा की राजनीति को पूरे तौर पर खारिज कर दिया है। एनडीए नेताओं के नकारात्मक भाषणों का उल्टा असर पड़ा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी जी में बिहार का भविष्य देख रही है।

आज मतदान केन्द्रों पर नौजवानों और महिला मतदाताओं में राजद के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। एनडीए सरकार के दस वर्षों के शासन के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। एनडीए नेताओं के जुमलेबाजी से लोग उब चुके हैं। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से बेरोजगार नौजवानों में बेचैनी है। गाँवों में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। किसान त्रस्त है। महंगाई से छात्र, युवा और महिला सभी परेशान हैं। देश के हालात इतने बदतर है कि 80 करोड़ लोग आज गरीबी की मार झेल रहा है। तेजस्वी जी द्वारा सत्रह महिने के कार्यकाल में किए गए कामों से लोग काफी प्रभावित हैं। वहीं एनडीए नेताओं को अपनी चुनावी सभाओं में जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ है हीं नहीं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज तो केवल शुरूआत है आगे वाले पांच चरणों में जीत का फासला और भी बढ़ेगा और बिहार के चालीस सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।

# भारत सरकार ने इथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मक्का उत्पादन में तेजी लाई

**मुजफ्फरपुर।** भारत सरकार कृषि पद्धतियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने और इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए साहसिक कदम उठा रही है। जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2025-26 तक 20% इथेनॉल ब्लेंडिंग के लक्ष्य को हासिल करना है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य देश भर में मक्का की खेती को बढ़ावा देना है, जिसमें इसकी स्थिरता और आर्थिक लाभों पर जोर दिया गया है।

किसानों को समर्थन देने और एक सहज बदलाव सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास में, सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मक्का के लिए सुनिश्चित खरीद तंत्र स्थापित किया है। यह पहल किसानों, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों , किसान उत्पादक संगठनों और किसान उत्पादक कंपनियों तक फैली हुई है। किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण उनके हितों की रक्षा करता है, जिससे उनकी




उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित होता है।

एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री आशुतोष मिश्रा ने एनसीसीएफ के सहयोग से किसानों को सशक्त बनाने और विभिन्न वस्तुओं की खरीद को सुविधाजनक बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग कृषि परिवर्तन और आर्थिक सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने वाले सहयोगी प्रयासों को रेखांकित करता है।

मक्का की खेती कई तरह के फायदे देती है, जिसमें चावल और गन्ने जैसी पारंपरिक फसलों की तुलना में कम पानी की आवश्यकता, कम मेहनत और सरल कटाई प्रक्रिया शामिल है। इसके अतिरिक्त, स्थायी क्यारियों पर मक्का की खेती करने से मिट्टी में होने वाली गड़बड़ी कम होती है, मिट्टी की सेहत और जल धारण क्षमता बढ़ती है, जबकि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आती है। इस पहल को गति देने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड (एनएससी), जीविका बिहार और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी), द्वारा संयुक्त रूप से किसान पंजीकरण अभियान चलाया गया। एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक सुश्री एनीस जोसेफ चंद्रा (आईआरएस) ने बिहार में इस अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें इथेनॉल की मांग को पूरा करने और किसानों की आय सुरक्षा को मजबूत करने में मक्का की खेती की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। एमडी एनसीसीएफ सुश्री एनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा, "मक्का हमारे किसानों और इथेनॉल उद्योग के लिए एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करता है।

## दूसरे चरण के चुनाव में और मजबूत हुआ बदलाव का जन संकल्प: दीपंकर भट्टाचार्य

**पटना।** भाकपा-माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने आज संपन्न हुए लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता से तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने और देश में बदलाव का जनसंकल्प दूसरे चरण में और भी अधिक मजबूती से उभरकर सामने आया है. 2024 का चुनाव बिहार से लेकर पूरे देश में 2019 के ठीक विपरीत दिशा में बढ़ रहा है. तीसरे चरण में बदलाव का यह संकल्प और मजबूत होगा. बिहार समेत पूरे देश के मतदाताओं से तीसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत को और अधिक ऊंचे स्तर पर ले जाने की भी अपील की. कहा कि वीवीपैट की शतप्रतिशत गिनती पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला निराशाजनक है. यह बेहद हास्यापद तर्क है कि ईवीएम से बूथ कैप्चरिंग नहीं की जा सकती. त्रिपुरा में कई बूथों पर 100 प्रतिशत से अधिक मतदान की रिपोर्ट मिली है. इससे कई प्रकार के संदेह प्रकट होते हैं.

## विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दूसरे चरण में एनडीए के पक्ष में मतदाताओं ने किया वोटिंग: मंगल पांडेय

**पटना।** सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि दूसरे चरण में देश के 88 और राज्य के 5 लोकसभा सीटों पर मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ एनडीए के पक्ष में मतदान किया। युवा एवं महिला वोटरों के साथ-साथ वृद्ध वोटरों ने भी दूसरे चरण में कड़ी धूप में कतार में लग भारी संख्या में भाग लेकर सुरक्षित और मजबूत सरकार के पक्ष में वोटिंग किया। भागलपुर, बांका, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज में वोटिंग के लिए मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। राज्य की जनता ने देश के विकास के साथ-साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए अपना आशीर्वाद एनडीए को देकर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प ह्यअबकी बार एनडीए 400 के पारह्ल को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्य में संपन्न पांचों सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है और 40 की 40 सीट पर एनडीए की जीत तय है।

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता: आर.के. सिन्हा

**पटना।** यकीन मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जायेगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है । बात यही खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटर साइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा।

दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुमार्ना किये हैं। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुमार्ना जारी किए गए, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण।

अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं क उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई यह न कहे कि पुलिस महकमें में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता।

बहरहाल. लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है।

एक बात और कहने का मन कर रहा है क जब बात सड़कों के चौड़ीकरण, सौदर्यीकरण और इनके विस्तार पर होती है तो पैदलयात्री के बारे में कोई नहीं सोचता। उसकी एक वजह यह भी है कि वह समाज का सबसे बेबस व्यक्ति है। वह गरीब है। उसकी आर्थिक-सामाजिक हैसियत कमजोर है।


नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# सजायाफ्ता, जेल में बंद और बेल पर बाहर रहने वाले भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं : बाबूलाल मरांडी

- इंडी ठगबंधन सरकार आदिवासी दलित विरोधी: अमर कुमार बाउरी
- चतरा से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भरा नामांकनों

**चतरा, (नवशक्ति )।** चतरा के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन में झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। जनसभा में अबकी बार 400 बार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे भी लगे।

जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाना है

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तब पूरा होगा, जब फिर से प्रधानमंत्री 2024 में भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं। गांव के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। मजदूरों और गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, घर में खाना बनाने के लिए गैस कनेक्शन दिया। कोई गरीब भूखा नहीं सोए, इसके लिए भी हर महीने मुफ्त राशन दे रहे हैं। जो व्यक्ति बीमार हो जाए उसका इलाज भी अच्छे अस्पतालों में हो, उसके लिए भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 लाख रुपए का बीमा कराया है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता करते हैं। किसानों की चिंता करते हैं। मजदूरों की चिंता करते हैं। गांव की चिंता करते हैं। हमें फिर से ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीताना है। इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। परिवार के लिए राजनीति करते हैं। पैसे के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इसमें से कई लोग कोई जेल में है। कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है। ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं। इसलिए आज इंडी गठबंधन वाले दुष्प्रचार करते हैं। इस चुनाव में आप अपना वोट, परिवार का वोट, हित कुटुम्ब का भी वोट एनडीए प्रत्याशी को दें। दूसरों को भी



एनडीए को वोट देने के लिए प्रेरित करें। आंधी हो या तूफान हो। चाहे कितना भी धूप क्यों ना हो, लेकिन हम सब लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट देने से नहीं चुकें।

**झारखंड सरकार आदिवासी और दलित विरोधी : नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों और दलित विरोधी है। चाहे हेमंत सरकार हो या वर्तमान सरकार, दोनों के कार्यकाल में इन वर्गों के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ। उलटे उनपर अत्याचार बढ़ा है। आदिवासी और दलितों के विकास के लिए मोदी सरकार ने काफी काम किया है। आदिवासियों के विकास के बजट में काफी वृद्धि की है। भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देने का काम किया है। डॉ भीमराव अंबेडकर को भी पूरा सम्मान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही मिला। कांग्रेस ने उनकी उपेक्षा की।

**पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करेगी इंडी गठबंधन : आदित्य साहू** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पिछड़ी वर्ग के हित के लिए मोदी सरकार आगे आई है। उनके हित के लिए काफी काम की है। इंडी गठबंधन पिछड़े वर्ग को मिली आरक्षण की सुविधा पर भी डाका डालने का काम कर रही है। उसने साफ कर दिया है कि सत्ता में आने पर इस वर्ग के आरक्षण में कटौती करेगी और इसका लाभ मुसलमान को देगी।

**हर पल जनता के लिएखड़ा रहूंगा : कालीचरण सिंह** प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता के कारण मुझे टिकट मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे हर समय हर पल जनता के लिए खड़ा रहेंगे। जनसभा को पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद सुनील कुमार सिंह, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा द्वारा देश में सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम से झूठी अफवाहों का बाजार गर्म किया जा रहा है :कांग्रेस




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग की बैठक अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में संपन्न हुई जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला एवं सुमेर चारण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

बैठक में श्री शुक्ला एवं सिंह ने प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूरी जानकारी प्राप्त कर मीडिया के साथ समन्वय बनाने की दिशा में गहन चर्चा कर कई दिशा निर्देश भी दिए इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा देश में सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम से झूठी अफवाहों का बाजार गर्म किया जा रहा है ताकि जनता अपनी मूल समस्याओं को छोड़कर उनके द्वारा फैलाई जा रहे झूठ के झांसे में आकर अपना मतदान भाजपा के पक्ष में करें। देश में नफरत का माहौल बनाने के अपने मूल मिशन पर भाजपा हर मोर्चे पर सक्रिय हो गई है और उसने अपने सभी संगठनों को भी सांप्रदायिक माहौल बनाने के लिए तैयार रहने को कहा है ताकि आगे आने वाले 6 चरणों के चुनाव में जनता के बीच सांप्रदायिकता का जहर फैलाकर मतदान को प्रभावित किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सोनाल शांति,कमल ठाकुर, जगदीश साहू,निरंजन पासवान, शांतनु मिश्रा,प्रशांत पांडे,संजय सिंह उपस्थित थे।

# बीजेपी ने देश के भ्रष्टाचारियों, अपराधियों, माफिया को अपने गोदाम में रख लिया : अखिलेश यादव

एटा। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफिया को अपने गोदाम में रख लिया है। सपा प्रमुख ने एटा लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए चुनावी बॉण्ड का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह इस चंदे के रूप में की गई वसूली है।

यादव ने आरोप लगाया, भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है...और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, देश में जितने भी भ्रष्टाचारी,



अपराधी, माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। उसने इतना बड़ा गोदाम बनाया कि हर दल के लोगों को इसमें जगह दे दी। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। सपा प्रमुख ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर साजिश के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ऐसा इसलिए करती है कि उसे युवाओं को नौकरी न देनी पड़े। उन्होंने युवाओं से संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने नौकरी व रोजगार तो छीना ही, आपका (युवाओं का) एक-तिहाई जीवन भी बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी व रोजगार न मिलने से युवाओं का भविष्य अंधकार में है, और उनकी जल्द शादी होने की संभावना भी कम नजर आ रही है। सपा प्रमुख ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने का दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर किसानों का पूरा कर्ज माफ कर दिया जाएगा। यादव ने यह भी कहा कि अग्निपथ योजना से देश की सीमाओं की सुरक्षा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर इस व्यवस्था को खत्म कर पुरानी व्यवस्था (स्थायी भर्ती) लागू की जाएगी। उन्होंने पुलिसकर्मियों से भी संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि खाकी वर्दी वाले सोचते हैं कि इनकी नौकरी स्थायी है, लेकिन भाजपा यदि फिर से सत्ता में आ गई तो इनकी नौकरी तीन साल की हो जाएगी। महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी आरक्षण और संविधान बचाने के लिए पूरी ताकत से सपा को जिताने में जुटी हुई है। एटा में, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह भाजपा उम्मीदवार हैं जिनके खिलाफ कांग्रेस समर्थित समाजवादी पार्टी के देवेश शाक्य चुनाव मैदान में हैं। कल्याण सिंह अपनी जन क्रांति पार्टी से 2009 में एटा से चुनाव जीते थे, जबकि उनके पुत्र राजवीर सिंह 2014 और 2019 में यहां भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्वाचित हुए थे। एटा में, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है।

## कझीया नदी में डूबने से युवक-युवती की मौत

**गोड्डा।** शुक्रवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के आगे कझीया नदी में डूबने से एक युवक एवं युवती की मौत हो गई। यह घटना कैसे हुई और किन कारणों से हुई इसका खुलासा नहीं हो पाया है। मृतका का नाम- बंदो कुमारी, उम्र 20 वर्ष, पिता- प्रमोद दास है। जबकि मृतक का नाम सनी कुमार दास, उम्र 22 वर्ष, पिता- भरत दास है। दोनों ग्राम बढोना का रहने वाला बताया जाता है। एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जब तक जांच नहीं हो जाती है तबतक घटना का खुलासा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है, जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं कुछ लोग इस घटना के पीछे प्रेम प्रसंग को कारण बता रहे हैं।

## कांग्रेस ने झारखण्ड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुकुल वासनिक आर चरण दिनांक 13 मई 2024 को होनेवाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत झारखण्ड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने दिया। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, के.सी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राना के. पी. सिंह, आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरॉव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडे सिंह, फुरकान अंसारी, डॉ. प्रदीप क्र. बालमुचू, बंधु तिर्की, सहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, रवीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गीताश्री उरॉव, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, मंजूर अंसारी, छविन्द्र करमा, रियाजुल अंसारी, नमन बिक्सल कोंगारी, दयामनी बारला शामिल है।

## संदेशखाली मामले में एक्टिव हुई सीबीआई, जांच के आदेश के खिलाफ बंगाल सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**कोलकता।** संदेशखाली हिंसा में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच के खिलाफ ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था, जहां इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। अदालत ने सीबीआई को आरोपों की जांच करने और एक व्यापक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर 5 जनवरी को भीड़ द्वारा हमला किया गया था जब वे कथित राशन वितरण घोटाला मामले में अब निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी के लिए संदेशखाली गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को लोकसभा सचिवालय और अन्य को संसद के निचले सदन की विशेषाधिकार समिति द्वारा तलब किए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल के शीर्ष नौकरशाहों द्वारा दायर याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था।

## मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, 8 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने उत्पाद शुल्क पुलिस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में विजय नायर और अन्य के साथ अअढ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी है। 18 अप्रैल को उनकी न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी गई थी। इससे पहले 20 अप्रैल को सिसौदिया को कोर्ट से एक और झटका लगा था, जब उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। सिसोदिया ने आगामी आम चुनाव में प्रचार के लिए अदालत से उत्पाद शुल्क मामले में अंतरिम जमानत मांगी।

अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया क्योंकि सीबीआई ने तर्क दिया कि अगर जमानत दी गई तो सिसौदिया आगे की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

# केजरीवाल सरकार प्रशासन की नहीं, प्रचार की सरकार है : वीरेन्द्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने आज दिल्ली भाजपा के मंत्री श्री हरीश खुराना एवं मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिती में कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार एक अकर्मण्य एवं असंवैधानिक व्यवस्था से चलती हुई सरकार है जिसकी हठधर्मी के चलते आज दिल्ली में विकास एवं प्रशासन से जुड़ी 3060 से अधिक फाइलें मुख्य मंत्री एवं मंत्रियों के पास लंबित हैं और विकास एवं प्रशासन दोनों ठप्प हैं। श्री सचदेवा ने कहा है की हम तो हमेशा से कहते थे की अरविंद केजरीवाल सरकार प्रशासन की नही प्रचार की सरकार है, वर्षों से धूल फांकती 3 हजार से अधिक फाइलों का सच सामने आने से यह प्रमाणित हुआ। श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह तो सबको मालूम था की मुख्य मंत्री अक्रमणय व्यक्तित्व के हैं - कोई विभाग जिम्मेदारी नही लेते - पर उन पर 420 प्रशासनिक फाइलें रूका होना दर्शा है वह कितने लापरवाह है।

श्री सचदेवा ने कहा है की मुख्य मंत्री पर 420 फाइलें रूकी है - यह आंकड़ा खुद में बहुत कुछ कहता है - 420 का रिश्ता धोखाधड़ी से है - और इतनी फाइलें लटकाना जनता के साथ धोखा है विश्वासघात है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की केजरीवाल सरकार केवल अक्रमणय एवं धोखेबाज ही नही है, इस सरकार की प्रकृति असंवेदनशील भी है और दिल्ली सरकार ने गरीबों की संजीवनी आयुष्मान भारत योजना लागू करने की फाइल लटका रखी है तो वहीं साथ ही सरकार ने वरिष्ठ नागरिक परिषद एवं महिला आयोग पुनर्गठन की फाइल भी लटका रखी है।श्री सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल सरकार और भ्रष्टाचार का कितना चोली दामन का साथ है उसका इस प्रमाण है की केजरीवाल सरकार ने लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्त की शक्तियाँ बढ़ाने की फाइल भी दो साल से अटका रखी है।श्री सचदेवा ने कहा है की दिल्ली मे पानी एक बड़ी समस्या



है और शर्मनाक रूप से दिल्ली जल नीति से जुड़ी फाइल 7 साल से अटकी है तो इसी तरह सरकार ने दिल्ली बाढ़ नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की भी फाइल लटका रखी है। श्री सचदेवा ने बताया की इसी तरह दिल्ली देहात के गांवों में विकास फंड लगाने की फाइल 2018 से तो अंधिकृत कॉलोनियों के विकास से जुड़ी फाइल भी दो वर्ष से अधिक से मंत्रियों के पास लटकी है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली में यमुना सफाई एक बहुत बड़ा मुद्दा है जिसके लिए एस.टी.पी. निर्माण अति आवश्यक है पर केजरीवाल सरकार में दिल्ली जल बोर्ड की एस.टी.पी. निर्माण की फाइलें तक 2015 एवं 2018 से अटकी हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की 2022 में हमने सरकार को बार बार उपराज्यपाल को शिक्षकों को फिनलैंड में ट्रेनिंग के नाम पर विवाद करते देखा पर भेजने पर उपराज्यपाल से स्वीकृति के बाद भी डेढ़ साल मे शिक्षा विभाग ने फाइल लटका रखी है।श्री सचदेवा ने कहा की इसी तरह दिल्ली सरकार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों के कल्याण एवं शिक्षा सुधार से और इलेक्ट्रिसिटी रिफार्म्स से लेकर खेलकूद, व्यापार एवं विरासत संरक्षण से जुड़ी फाइलें लटका रखी हैं।दिल्ली भाजपा के मंत्री श्री हरीश खुराना ने कहा है की केजरीवाल सरकार की फाइल लटकाने की आदत के चलते करोड़ों रुपये की बबार्दी भी हो रही है। दिल्ली सरकार ने तीन वर्ष पूर्व दिल्ली के में खेल विश्विद्यालय की स्थापना कर उपकुलपति एवं कुछ कर्मियों की नियुक्ति कर करोड़ों रुपए वेतन में बांट दिये जबकि खेल विश्विद्यालय है ही नही और उसके लिए भूमी अघिग्रहण की फाइल तो 2016 से लंबित है। श्री खुराना ने कहा है की हर साल केजरीवाल सरकार में सैकड़ों अटकी फाइलें बढ़ रही हैं और अकेले इस साल के तीन माह में 272 नई फाइलें अटक गई हैं।मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की पुरानी दिल्ली विरासत एवं व्यपार विकास का केन्द्र है पर केजरीवाल सरकार की लापरवाही के चलते आज पुरानी दिल्ली में विरासत संरक्षण एवं व्यपार विकास ठप्प है क्योंकि केजरीवाल सरकार ने इससे जुड़े शाहजहाँनाबाद डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन नियुक्ति की फाइल तक वर्षों से लटका रखी है जो निंदनीय है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की हर बात पर मीडिया में राजनीतिक विलाप करने वाली केजरीवाल सरकार आज दिल्ली की जनता को मीडिया में आ कर ही जवाब दे की क्यों मुख्य मंत्री एवं अन्य मंत्रियों के बस 3060 फाइलें वर्षों से अटकी हैं ?

# एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिमों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा : अमित मंडल

- कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का
- भाजपा मुसलमानों की उपेक्षा नहीं चाहती लेकिन इनसे अधिक जरूरतमंद की हकमारी बर्दाश्त नहीं

भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा है कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन SC, ST और OBC आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है। भाजपा सदैव से सबक साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है। जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की घटिया और घिनौनी राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को SC, ST और OBC से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। श्री मंडल मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएँ बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए।

श्री मंडल ने कहा कि इससे एक




खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था बल्कि जानबूझ कर दिया था क्योंकि 13 अप्रैल 2009 को फिर से मनमोहन सिंह ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए फिर अपने बयान को सही ठहराया और कहा कि Minorities का खासकर मुस्लिमों को priority मिलनी चाहिए जब बात देश के संसाधनों की आती है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के माध्यम से गलतबयानी की गई कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी खराब है। मतलब यह कि कांग्रेस पहले से ही आधार बना रही थी कि येन-केन-प्रकारेण मुस्लिम को एससी (अनुसूचित जाति) घोषित कर मुस्लिमों को एससी आरक्षण की वैधता दिला दी जाए।

श्री मंडल ने कहा कि कांग्रेस की SC, ST और OBC के अधिकारों पर डाका डालने की आदत बहुत पुरानी है। यहाँ तक कि बाबासाहब भीमराव अंबेडकर ने भी 27 अक्टूबर 1951 को कहा था कि पिछले 20 वर्षों में पंडित नेहरू ने दो हजार भाषण दिए हैं, लेकिन उन्होंने एक बार भी अनुसूचित जाति के कल्याण के बारे में बात नहीं की है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कांग्रेस पार्टी को हमारे लोगों के प्रति कितनी सहानुभूति है। पंडित नेहरू हमेशा मुसलमानों के पक्ष में रहते हैं। हम नहीं चाहते कि मुसलमानों की उपेक्षा की जाए, लेकिन मैं यह जरूर चाहते हैं कि मुसलमानों को अन्य समुदायों की कीमत पर अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए, जिन्हें अधिक सुरक्षा की आवश्यकता है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग का गठन ये साजिश रची कि मुसलमानों में भी जाति है, इसलिए उनमें भी एससी माना जाए और एससी लिस्ट में आरक्षण दिया जाए। कोई एससी अगर धर्म बदल कर मुसलमान या ईसाई बनता है तो भी उसका एससी दर्जा बना रहे। साथ ही, ओबीसी के 27% से 6% काटकर मुसलमानों को आरक्षण दिया जाय। श्री मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने कोर्ट के कानून को बदल कर AMU, Jamia Milia जैसे संस्थानों से SC, ST और OBC Reservation को खत्म किया। 1981 में कांग्रेस ने SC, ST और OBC का Reservation छीनने के लिए अलग से 'AMU (Amendment) Act, 1981' लाकर Court के फैसले को बदल दिया। कांग्रेस सभी मुसलमान जातियों को ओबीसी यानी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बता रही है। कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 4 बार Muslim Reservation को implement करने की कोशिश की। Supreme Court के intervention के कारण कांग्रेस सरकार इसे लागू नहीं कर पाई।